कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 09.10.2023

विषय : 09/2023 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 09/2023 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 22.09.2023 को प्रात: 11.30 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री निखिल दुबे, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री एम. सुभाष कुमार, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्रीमती बी.लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एस. साई किरण | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्रीमती जी. अनुराधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री जी. श्रीनिवास मूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री श्रीनिवास राव वुलिचि | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री सीएच.वी. रमण मूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री पी.आर. सुब्बा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री के. गोपीचंद | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री पी. रामकिशोर | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री डी. श्रीनिवास राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं. 1** - दिनांक 27.06.2023 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 27.06.2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 27.06.2023 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि दिनांक 01 सितंबर, 2023 को वे.ले.का.(अ.श्रे), से.आ.कोर, सिकंदराबाद में एक पूर्ण-दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 14 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2023-2024 के दौरान र.ले.नि महोदय के अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार जुलाई, 2023 में 02 स्थानीय उप-कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया । नवंबर, 2023 में अन्य चार स्थानीय उप-कार्यालयों तथा दिसंबर, 2023 में विशाखापट्टण्म् स्थित 04 उप-कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा ।

3. **हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रशिक्षण** - नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी पारंगत प्रशिक्षण के जनवरी से मई, 2023 के सत्र में 31 अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया है जिनकी अंतिम परीक्षा मई, 2023 में आयोजित की गई । परीक्षा के परिणाम अगस्त, 2023 में प्राप्त हुए जिसके उपरांत संबंधित कर्मचारियों को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए । नया सत्र केवल ऑफ-लाइन ही उपलब्ध होने के कारण, जुलाई - नवंबर, 2023 सत्र में पारंगत प्रशिक्षण के लिए किसी को भी नामांकित नहीं किया गया है । तथापि, हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु तीन कर्मचारियों को नामांकित किया गया है जिनकी अंतिम परीक्षा जनवरी, 2024 में आयोजित की जाएगी ।

4. **नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों का विभागीय प्रशिक्षण** - मुख्यालय द्वारा नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों की सूचना माँगी गई है और सूचित किया है कि विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 04 दिसंबर, 2023 से 15 दिसंबर, 2023 तक आयोजित की जाएगी । तदनुसार कार्यालय में सेवारत कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी को उक्त प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा ।

5. **हिंदी दिवस, 2023 का आयोजन** - हिंदी दिवस, 2023 और तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का भव्य आयोजन दिनांक 14 और 15 सितंबर, 2023 को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया जिसमें इस कार्यालय में सेवारत वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी और कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने भाग लिया । साथ ही पिछली बैठक में सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार हिंदी पखवाड़े के दौरान अन्य हिंदी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ "हिंदी स्मरण" और "हिंदी संक्षेपण (Precis Writing)" प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है । हिंदी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नियंत्रण महोदय द्वारा निर्णीत तारीख को किया जाएगा ।

6. **रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की टीम द्वारा निरीक्षण :** रक्षा लेखा महानियंत्रक की टीम ने विभिन्न अनुभागों में हिंदी में हो रहे कार्य को देखा और राजभाषा हिंदी प्रयोग की सराहना की तथा अपनी रिपोर्ट में राजभाषा अनुभाग के कार्य के संबंध में कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है ।

**मद सं. 2** - पिछली दो तिमाहियों **03/2023** तथा **06/2023** की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 03/2023 तथा 06/2023 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 03/2023 | 216 | 216 | शून्य |
| 06/2023 | 264 | 264 | शून्य |

(2) हिंदी पत्राचार की स्थिति :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 03/2023 | 18696 | 1968 | 90.47% |
| 06/2023 | 10057 | 2187 | 82.13% |

**मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा** - समिति को अवगत कराया गया कि सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से केवल पाँच पत्र प्राप्त हुआ है जिनमें से एक पत्र में मुख्यालय कार्यालय की रा.भा.का.स की बैठक का कार्यवृत प्राप्त हुआ है, जिसमें नव-नियुक्त कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए दिनांक 04 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2023 तक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरूग्राम में परिचायक पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण के लिए भेजा जाना अपेक्षित है । कार्यवृत में यह अनुरोध किया गया है कि ट्यूलिप प्रणाली में वेतनपर्ची तथा कार्यालय आदेश भाग 2 द्विभाषी रूप में जेनरेट करने की व्यवस्था की जाए। इसके अतिरिक्त रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने वाले पत्रों का हिंदी संस्करण भी संबंधित अनुभाग द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किया जाए । एक पत्र में हमारे कार्यालय के जून, 2023 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गयी है जिसमें हमारे कार्यालय में हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में गिरावट का उल्लेख किया गया है। इस संबंध में मुख्यालय कार्यालय को पत्र भेज दिया गया है । अन्य एक पत्र में मुख्यालय कार्यालय द्वारा हमारे कार्यालय के जून,2023 के रा.भा.का.स की बैठक के कार्यवृत की समीक्षा की गयी है जिसमे हमारे कार्यालय एवं अन्य अधीनस्थ

कार्यालयों के जनसूचना बोर्ड तीनों भाषाओं क्रमशः क्षेत्रीय भाषा, राजभाषा हिंदी तथा अंग्रेजी में उपलब्ध होने के लिए हमारी सराहना की गई है। एक पत्र हिंदी पखवाड़े के अवसर पर कार्यालय में हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन से संबंधित था जिस पर कार्रवाई की जा चुकी है। एक अन्य पत्र में रक्षा लेखा महानियंत्रक की टीम द्वारा दिनांक 03.01.2024 से 04.01.2024 तक हमारे कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण करने की सूचना दी गई है ।

**मद सं. 4 - हिंदी दिवस, 2023 के आयोजन पर चर्चा** - समिति को सूचित किया गया कि हमारे कार्यालय में हिंदी पखवाड़े के दौरान चार प्रतियोगिताओं यथा हिंदी अनुवाद एवं वर्ग पहेली, हिंदी स्मरण, हिंदी संक्षेपण (Precis Writing) एवं हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । पिछली बैठक में सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार "हिंदी स्मरण" और "हिंदी संक्षेपण (Precis Writing)" प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया । मुख्य कार्यालय, र.ले.नि., सिकंदराबाद एवं अधीनस्थ कार्यालयों वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई, सिकंदराबाद, वे.ले.का. (अ.श्रे) से.आ.कोर, सिकंदराबाद और क्षे.ले.का (थलसेना), वैजाग में स्वतंत्र रूप से हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह भी स्वतंत्र रूप से मनाया जाएगा । मुख्य कार्यालय में नियंत्रक महोदय द्वारा निर्णीत तारीख को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा ।

**मद सं. 5- रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की टीम द्वारा आगामी राजभाषा निरीक्षण हेतु तैयारी** - समिति को अवगत कराया गया कि रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की टीम द्वारा आगामी दिनांक 03.01.2024 से 04.01.2024 तक हमारे कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया जाएगा । इसके लिए सभी अनुभागों के वरिष्ठ लेखा अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे राजभाषा निरीक्षण संबंधी सभी तैयारियां कर लें । सभी अनुभागों में हिंदी आवक-जावक रजिस्टर अनिवार्य रूप से उपलब्ध होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अनुभागों में प्रयोग की जाने वाली सभी रबड़ की मोहरें द्विभाषी ही होनी चाहिए जो अनुभागों की फाइलों की जाँच के दौरान निरीक्षण टीम द्वारा देखी जा सकती हैं। सदस्यों से पुन: अनुरोध किया गया कि वेबसाइट पर अपलोड करने वाले सभी परिपत्रों को केवल द्विभाषी रूप में ही अपलोड किया जाए। आई.टी. अनुभाग के वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने सूचित किया कि वे केवल हिंदी संस्करण के साथ ही परिपत्रों को वेबसाइट पर अपलोड कर रहे हैं। प्रशासन अनुभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि सेवापंजी में उपयोग किये जाने वाले सभी रबड़ की मोहरें केवल द्विभाषी ही हों।

**मद सं. 6- वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा** - समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के लिए भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर संगठन द्वारा लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 86.73% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 63.94% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 100% |

**मद सं. 7** - **संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**मद सं. 8 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव :**

श्रीमती बी. लक्ष्मीमुरलीकृष्णा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने सुझाव दिया कि कार्यालय में राजभाषा हिंदी में कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिए हिंदी पारंगत में प्रशिक्षित अधिकारियों/कर्मचारियों से हिंदी में किए गए कार्यों की एक मासिक रिपोर्ट माँगी जाए । सदस्य सचिव ने इसे नोट किया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

र.ले.नि. महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**
**(एम. सुभाष कुमार)**
**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली छावनी।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**(के. रामकृष्णा)**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**